प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 01.10.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1. नाबालिग लड़की से घर में घुसकर दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार,थाना छजलैटः-

अवगत कराना है दिनांक 29.09.2024 को वादी निवासी थाना छजलैट क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के घर मे घुसकर वादी की पुत्री के साथ दुष्कर्म करने तथा अभियुक्तगण द्वारा जान से मारने की धमकी देने के संबंध मे थाना छजलैट पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना छजलैट पर मु0अ0सं0- 207/2024 धारा-70(2)/331(6)351(3)बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 01-10-2024 को उ0नि0 आकाश यादव थाना छजलैट द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी अमित पुत्र सतपाल निवासी ग्राम खुशहालपुर थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2. दहेज के लिये प्रताड़ित कर महिला की हत्या करने का एक आरोपी गिरफ्तार, थाना कटघरः-

अवगत कराना है दिनांक 30.09.2024 को वादी निवासी थाना असमोली जनपद सम्भल ने अभियुक्तगण द्वारा वादी की पुत्री को दहेज के लिए प्रताडित करते हुए दहेज मे स्कर्पियो कार व 10 लाख रुपये की मांग करना व वादी की पुत्री को घर की ऊपरी मंजिल से धक्का देकर हत्या कर देने के संबंध मे थाना कटघर पर तहरीर दी,तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0- 559/2024 धारा- 85/80(1) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस 2023) व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 01-10-2024 को प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी शरद कौषिक पुत्र स्व0 सुरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी पीतलबस्ती थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3. **खनन करने से रोकने पर, कार्यसरकार मे बाधा डालने व गन्ना की फसल तोडते हुए टीम पर ट्रैक्टर ट्राली चढाने का प्रयास करने के 02 आरोपी गिरफ्तार, थाना भोजपुरः-**

अवगत कराना है दिनांक 23.09.2024 को श्री सर्वेश कुमार (लेखपाल) क्षेत्र- भोजपुर धर्मपुर तहसील सदर मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा बालू का अवैध खनन करना एंव ज्वांइट मजिस्ट्रेट / उपजिलाधिकारी महोदय एवं तहसीलदार महोदय व राजस्व टीम / पुलिस बल टीम द्वारा खनन करने से रोकने पर गन्ना की फसल तोडते हुए टीम पर ट्रैक्टर ट्राली चढाने का प्रयास करना। कार्यसरकार मे बाधा डालना व गन्ने की फसल को छतिग्रस्त करते हुए मौके से भाग जाने के सम्बन्ध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0- 406/2024 धारा- 191(2)/109(1)/132/324(5) बीएनएस व 21/4 खान खनिज अधि0 1957 पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 01-10-2024 को उ0नि0 प्रवीन कुमार थाना भोजपुर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी 1- नईमुद्दीन पुत्र अनीश, 2- मोईनुद्दीन पुत्र अनीश निवासीगण मौहल्ला धर्मपुर आंगा कस्बा व थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

4. थाना गलशहीद पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 03 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 01.10.2024 को **थाना गलशहीद** पुलिस द्वारा शान्ति भंग कर रहे आरोपी 1- मौ0 अजीम पुत्र निजामुद्दीन निवासी इन्द्राचौक चौराहा थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद, 2- सिकन्दर अन्सारी उर्फ अब्दुल कादिर पुत्र मौ0 अकरम निवासी प्रिन्स रोड थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद, 3- वहाब अली पुत्र अली खान निवासी पक्की सराय थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।